| |
|---|
| दिनांक 31.12.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 43/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों का विदाई समारोह सम्पन्न

**श्री प्रशान्त कुमार,** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनॉकः 31.12.2024 को पुलिस मुख्यालय में सादगी के साथ आयोजित विदाई समारोह के दौरान अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी श्री एस0एन0 साबत पुलिस महानिदेशक, सीबीसीआईडी उ0प्र0, लखनऊ एवं श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ को मोमेन्टो भेंट किया गया तथा सेवाकाल के दौरान किये गये कार्यो की सराहना करते हुए उनके एवं उनके परिवार के सुख, समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

**श्री एस0एन0 साबत जी** का जन्म 23 दिसम्बर 1964 को कोरापुट (ओड़िशा) में हुआ था। वर्ष 1990 में ''भारतीय पुलिस सेवा'' में चयनित हुये। प्रशिक्षणोपरान्त सहायक पुलिस अधीक्षक, जनपद वाराणसी, फैजाबाद, नैनीताल, आगरा, पुलिस अधीक्षक(नगर) आगरा, पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, सतर्कता अधिष्ठान वाराणसी, पुलिस अधीक्षक, ईओडब्ल्यू लखनऊ, कोसोवो, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद इटावा, एवं वाराणसी, सेनानायक, 34वीं/35वीं वाहिनी पीएसी के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2005 में 'पुलिस उपमहानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होकर 'पुलिस उपमहानिरीक्षक' ईओडब्ल्यू लखनऊ, यूपी इण्टर स्टेट बार्डर सिक्योरिटी फोर्स वाराणसी, मिर्जापुर परिक्षेत्र, वाराणसी परिक्षेत्र, कानपुर परिक्षेत्र एवं पुलिस उप महानरीक्षक अभियोजन लखनऊ के पद पर नियुक्त रहते हुये केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर प्रस्थान कर गये। वर्ष 2014 में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के फलस्वरूप 'पुलिस महानिरीक्षक' रेलवे लखनऊ के पद पर नियुक्त हुये। वर्ष 2015 में ''अपर पुलिस महानिदेशक'' के पद पर प्रोन्नत होने के उपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ, प्रयागराज जोन, लखनऊ जोन के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2021 में ''पुलिस

महानिदेशक'' के पद पर प्रोन्नत होने के उपरान्त पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पावर कोर्पोरेशन लखनऊ, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें उ0प्र0 लखनऊ के पदों पर नियुक्त रहे। वर्तमान में पुलिस महानिदेशक सी0बी0सी0आई0डी0, उ0प्र0 के पद पर नुियक्त रहे। श्री एस0एन0 साबत, पुलिस महानिदेशक की सेवाकाल के दौरान वर्ष–2001 में यू0एन0 पीस मेडल, स्वतंत्रता दिवस 2006 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक, गणतन्त्र दिवस–2014 के अवसर पर विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक, वर्ष–2011, 2013 एवं 2014 में पुलिस महानिदेशक सीआरपीएफ का प्रशंसा चिन्ह, स्वतंत्रता दिवस 2016 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर) स्वतंत्रता दिवस 2018 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक,उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड), दिनांकः 05.03.2019 को कुम्भ सेवा मेडल, स्वतंत्रता दिवस 2019 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक,उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम), स्वतंत्रता दिवस 2019 के अवसर पर ही मा0 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक एवं स्वतंत्रता दिवस 2023 के अवसर पर अतिउत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

श्री एस0एन0 साबत जी अत्यन्त निष्ठावान एवं मृदुभाषी स्वभाव के सुयोग्य अधिकारी रहे हैं। 34 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

**श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह जी** का जन्म 15 दिसम्बर 1964 को वैशाली (बिहार) में हुआ था। वर्ष 1995 में ''प्रान्तीय पुलिस सेवा'' में चयनित हुये। प्रशिक्षणोपरान्त पुलिस उपाधीक्षक, जनपद कुशीनगर, रायबरेली, वाराणसी, चित्रकूट, एसीओ लखनऊ, सहायक सेनानायक, 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2006 में 'अपर पुलिस अधीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होकर उप सेनानायक, 25वीं/34वीं/36वीं वाहिनी पीएसी में नियुक्त रहे। वर्ष 2008 में अपर पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) वाराणसी, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद औरैया, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) वाराणसी, अपर पुलिस अधीक्षक, ईओडब्ल्यू वाराणसी, क्षेत्रीय अभिसूचना वाराणसी के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2016 में "भारतीय पुलिस सेवा" में प्रोन्नत होकर पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना वाराणसी, पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन, कन्नौज, सोनभद्र के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2022 में ''पुलिस उप महानिरीक्षक'' के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस उपमहानिरीक्षक, अयोध्या

परिक्षेत्र, देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा के पदों पर नियुक्त रहे। वर्तमान में पुलिस उपमहानिरीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ के पद पर नियुक्त हैं जहाँ से आज अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक को स्वतन्त्रता दिवस 2019 के अवसर पर उत्कृष्ट सेवा पदक, गणतन्त्र दिवस 2020 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक के प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर) एवं इसी अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह जी अत्यन्त निष्ठावान एवं सरल स्वभाव के अधिकारी रहे हैं। आपका 29 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक रूल्स मैन्युअल, पुलिस महानिदेशक कारागार, पुलिस महानिदेशक होमगार्ड, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, पुलिस महानिदेशक टेलीकॉम , पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम, अपर पुलिस महानिदेशक सीबीसीआईडी, अपर पुलिस महानिदेशक रेलवेज, अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, अपर पुलिस महानिदेशक कानून–व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।




PRASHANT KUMAR
UTTAR PRADESH POLICE

| |
|---|
| दिनांक 31.12.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 44/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा वरिष्ठता के आधार पर उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस व मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस को पदोन्नति प्रदान की गयी**

मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 के मंशानुरूप पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशों के क्रम में अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा वरिष्ठता के आधार पर अनुपयुक्त को छोड़ते हुये निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर चयन वर्ष 2024 की माह दिसम्बर में अधियाचित 25 रिक्तियों के **सापेक्ष 25 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर** पदोन्नति प्रदान की गयी ।

इसी प्रकार उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर चयन वर्ष 2024 की माह दिसम्बर में अधियाचित 204 रिक्तियों के **सापेक्ष 204 मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर** पदोन्नति प्रदान की गयी है।

| दिनांक 31.12.2024 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 45/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद हरदोई/थाना पिहानी

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 31.12.2024 को थाना पिहानी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त ओमवीर को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना टडियावां पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना पिहानी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—ओमवीर निवासी झखरा थाना मोहम्मदी जनपद खीरी।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना मीरापुर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 28 लाख रूपये कीमत के चोरी के 12 हजार 500 डिब्बी आईटीसी सिगरेट**
- **50 लाख 70 हजार रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 01 कैण्टर बरामद**

दिनांक 31.12.2024 को थाना मीरापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कस्बा बहसूमा आशाराम इण्टर कॉलेज के पास से अभियुक्त नरेन्द्र को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/ निशादेही से

लगभग 28 लाख रूपये कीमत के चोरी के 12 हजार 500 डिब्बी आईटीसी सिगरेट, 50 लाख 70 हजार रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 01 कैण्टर बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.12.2024 को थाना मीरापुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मीरापुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद सिगरेट आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर, हाथरस, हापुड, सम्भल के विभिन्न थानो में डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना मीरापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नरेन्द्र निवासी मांगलौर थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर, हालपता राधा कॉलोनी कस्बा व थाना सिकारपुर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–लगभग 28 लाख रूपये कीमत के चोरी के 12 हजार 500 डिब्बी आईटीसी सिगरेट।

2–50 लाख 70 हजार रूपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त 01 कैण्टर।

## जनपद सिद्धार्थनगर/थाना चिल्हिया

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी की भारी मात्रा में सोने–चॉदी के आभूषण**
- **चोरी की माल ब्रिकी के 30 हजार रूपये नगद**
- **चोरी करने के उपकरण**
- **03 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉक: 30/31.12.2024 की रात्रि थाना चिल्हिया, थाना मोहाना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान ग्राम गौरा वर्डपुर

मार्ग पर 05 अभियुक्तों 1–इंदल 2–विनोद कुमार 3–सम्बारी 4–बछराम 5–नंदकिशोर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की भारी मात्रा में सोने–चॉदी के आभूषण, चोरी की माल ब्रिकी के 30 हजार रूपये नगद, चोरी करने के उपकरण, 03 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना चिल्हिया क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना चिल्हिया पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त इंदल के विरूद्ध जनपद बहराइच, कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानो में 25 अभियोग एवं अभियुक्त विनोद कुमार के विरूद्ध जनपद बहराइच व कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानो में 16 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इंदल निवासी टिकुरी थाना खैरीघाट जनपद बहराइच।

2–विनोद कुमार निवासी टिकुरी थाना खैरीघाट जनपद बहराइच।

3–सम्बारी निवासी टिकुरी थाना खैरीघाट जनपद बहराइच।

4–बछराम निवासी दल्लापुरवा थाना बेहडा जनपद बहराइच।

5–नंदकिशोर निवासी अड़गोडवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1–चोरी की भारी मात्रा में सोने–चॉदी के आभूषण।

2–चोरी की माल ब्रिकी के 30 हजार रूपये नगद।

3–चोरी करने के उपकरण।

4–03 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना सआदतगंज

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 ई–रिक्शा**
- **नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 15 बैट्री, 04 मोटर ई–रिक्शा, 06 कंट्रोलर ई–रिक्शा आदि बरामद**

दिनांक 31.12.2024 को थाना सआदतगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वजीरबाग चरही के पास से 04 अभियुक्तों 1–मो0सुफियान 2–राजू उर्फ सईद अहमद 3–मो0वसीम 4–मो0आदिल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 ई–रिक्शा, नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन, चोरी की 15 बैट्री, 04 मोटर ई–रिक्शा, 06 कंट्रोलर ई–रिक्शा आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त मो0सुफियान के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 17 अभियोग, अभियुक्त मो0आदिल के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी आदि के 06 अभियोग एवं अभियुक्त मो0वसीम के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद ई–रिक्शा आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सआदतगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–मो0सुफियान निवासी वजीरबाग थाना सआदतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

2–राजू उर्फ सईद अहमद निवासी झड़ियन तालाब थाना सआदतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

3–मो0वसीम निवासी वजीरबाग थाना सआदतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

4–मो0आदिल निवासी अंसारनगर कादरी थाना सआदतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

**बरामदगी**

1—चोरी की 10 ई—रिक्शा।

2—नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन।

3—चोरी की 15 बैट्री, 04 मोटर ई—रिक्शा, 06 कंट्रोलर ई—रिक्शा आदि।

**जनपद बिजनौर/थाना बढापुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 30/31.12.2024 की रात्रि थाना बढापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान इस्लामाबाद चौराहा पर मोटर साइकिल सवार बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त नसीम उर्फ लम्बू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बिजनौर के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 31 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बढापुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नसीम उर्फ लम्बू निवासी रहमुल्ला कालोनी थाना कोतवाली देहाज जनपद बिजनौर।

**बरामदगी**

1—घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट)।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नेरट कानपुर नगर/थाना गुजैनी

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 16 ई–रिक्शा बैट्री**
- **घटना में प्रयुक्त 01 कार, 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 31.12.2024 को थाना गुजैनी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पतरसा पुल के पास से 04 अभियुक्तों 1–चन्दन 2–दिनेश उर्फ बंटा 3–रोहित 4–विवेक उर्फ मुच्छन्दर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 16 ई–रिक्शा बैट्री, घटना में प्रयुक्त 01 कार, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना गुजैनी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–चन्दन निवासी बदुवारपुर थाना पनकी कमिश्नरेट कानपुर नगर।

2–दिनेश उर्फ बंटा निवासी रेवरी अड्डा थाना सचेण्डी कमिश्नरेट कानपुर नगर।

3–रोहित निवासी रेवरी अड्डा थाना सचेण्डी कमिश्नरेट कानपुर नगर।

4–विवेक उर्फ मुच्छन्दर निवासी रेवरी अड्डा थाना सचेण्डी कमिश्नरेट कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 16 ई–रिक्शा बैट्री।

2–घटना में प्रयुक्त 01 कार, 01 मोटर साइकिल।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना सरोजनीनगर

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के दस चक्का 02 ट्रक**
- **02 फर्जी नम्बर प्लेट**
- **चोरी किये गये 02 असली नम्बर प्लेट बरामद**

दिनॉकः 31.12.2024 को थाना सरोजनीनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 04 अभियुक्तों 1–प्रमोद 2–रामकि"ान 3–कौ"ाल उर्फ विनोद 4–देवेन्द्र को गिरफ्तार

किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/नि”ादेही से चोरी के दस चक्का 02 ट्रक, 02 फर्जी नम्बर प्लेट, चोरी किये गये 02 असली नम्बर प्लेट बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना सरोजनीनगर क्षेत्रान्तर्गत चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सरोजनीनगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे।

इस सम्बन्ध में थाना सरोजनीनगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रमोद निवासी ग्राम तिन्नी थाना नौगॉव जनपद छतरपुर, हालपता–मीरानपुर पिनवट थाना सरोजनीनगर, लखनऊ।

2–रामकि”ान निवासी गुडहखुर्द थाना लवकु”ानगर जनपद छतरपुर म0प्र0।

3–कौ”ाल उर्फ विनोद निवासी दरोगाखेडा थाना सरोजनीनगर, लखनऊ।

4–देवेन्द्र निवासी ग्राम खुडेरी थाना बाडीगढ जुझारनगर जनपद छतरपुर, म0प्र0।

**बरामदगी**

1–चोरी के दस चक्का 02 ट्रक।

2–02 फर्जी नम्बर प्लेट।

3–चोरी किये गये 02 असली नम्बर प्लेट।

––––––